(4) आदि० की प्रति ... पथ

# बिहार सरकार
## पथ निर्माण विभाग
कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश संख्या–141 पटना, दिनांक– 28/10/21

कार्यालय आदेश संख्या–79, दिनांक 02.06.2016–सह–पठित ज्ञापांक–3870(S), दिनांक 02.06.2016 के द्वारा तकनीकी निविदा मूल्यांकन के पश्चात वित्तीय निविदा खोलने की प्रक्रिया में कार्यहित में कतिपय संशोधन की आवश्यकता महसूस हो रही है। फलस्वरूप उपर्युक्त ज्ञापांक–3870(S), दिनांक 02.06.2016 की कंडिका–03 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

(i) तकनीकी बीड पर सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन के पश्चात् इसके फलाफल (निविदादाता के असफल/ आयोग्य होने के स्थिति में कारण सहित) को अविलम्ब अधिकतम 01 (एक) कार्य दिवस के अन्दर e-procurement Portal पर Upload कर दिया जायेगा।

(ii) तकनीकी बीड के फलाफल पर उस निविदा के किसी निविदाकार को आपत्ति होने की स्थिति में उन्हें साक्ष्य के साथ कंडिका (i) में फलाफल Upload होने के 02 (दो) कार्य दिवस के अन्दर संबंधित मुख्य अभियंता को अपनी आपत्ति समर्पित करनी होगी।

(iii) ऊपर कंडिका (ii) में आपत्ति प्राप्त होने पर 03 (तीन) कार्य दिवस के अन्दर इसका निष्पादन किया जाना आवश्यक होगा। 03 (तीन) कार्य दिवस में आंपत्ति के निकारण नहीं होने की स्थिति में एक स्तर ऊपर के प्राधिकार को कारण सहित सूचना देना अनिवार्य होगा।

(iv) ऊपर कंडिका (ii) के तहत यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो कंडिका (i) के तहत फलाफल Upload होने के 03 (तीन) कार्य दिवस के पश्चात् वित्तीय बीड सक्षम प्राधिकार के द्वारा खोल दिया जायेगा।

उपर्युक्त के अतिरिक्त कार्यालय आदेश संख्या–79, दिनांक 02.06.2016–सह–पठित ज्ञापांक–3870(S), दिनांक 02.06.2016 में अंकित शेष प्रावधान पूर्ववत लागू रहेंगे।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

(डॉ आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक– प्र०–6 / द0बि0–नियम–03–02 / 2004– पटना, दिनांक

प्रतिलिपिः सभी मुख्य अभियंता (रा०उ०प० उपभाग सहित) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प० अंचल सहित) पथ निर्माण विभाग, बिहार / सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०प० प्रमण्डल सहित) पथ निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

(डॉ आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– प्र०–6 / द0बि0–नियम–03–02 / 2004– पटना, दिनांक

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

(डॉ आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– प्र०–6 / द0बि0–नियम–03–02 / 2004– 5355(s) पटना, दिनांक 28/10/21

प्रतिलिपिः अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / IT Manager, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय Website पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(डॉ आलोक कुमार) 28/10
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

28/10/2021